# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, देहरादून वन प्रभाग, देहरादून

Email: dfodoon@gmail.com Phone/Fax-0135-2627612


पत्रांक- 6572 / 12-1 देहरादून, दिनांक- 16 / 04 / 2025

सेवा में,

वन संरक्षक,
शिवालिक वृत्त,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषय :— जनपद देहरादून वन प्रभाग के अन्तर्गत ऋषिकेश के आई0डी0पी0एल0 (वीरभद्र) परिसर कक्ष सं0—1 में पूर्व से चल रहे केन्द्रीय विद्यालय के भवन निर्माण हेतु 2.41 है0 वन भूमि का नवीनीकरण प्रस्ताव के सम्बन्ध में। (Online No-FP/UK/SCH/40755/2019)

संदर्भ :— भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून के पत्र संख्या—8बी / यू.सी.पी. / 09 / 08 / 2021 / एफ0सी0 / 1219, दिनांक 21.12.2021

**महोदय,**

कृपया विषयांकित प्रकरण में भारत सरकार के उक्त संदर्भित पत्र का अवलोकन करने की कृपा करें, जिसके द्वारा भारत सरकार द्वारा तीन बिन्दुओं पर आख्या / सूचना / अभिलेख चाहे गये है, जो कि निम्नवत् प्रेषित है :—

| Sl. No. | EDS | Reply |
|---|---|---|
| 1 | राज्य शासन अनुसार विद्यालय भवन का निर्माण वर्ष 1978 में किया गया था। अतः राज्य सरकार से अनुरोध है कि वह इस सम्बन्ध में अभिलेख प्रस्तुत करें। | बिन्दु संख्या 1 के क्रम में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा पुराने अभिलेखों में एक रजिस्टर की छायाप्रति उपलब्ध करायी गयी है तथा मूल रजिस्टर भी विद्यालय प्रशासन के अभिलेखों में संधारित है, जिसमें **04 अगस्त 1978** को प्रथम छात्र के प्रवेश का विवरण दर्ज है (छायाप्रति संलग्न)। उक्त रजिस्टर की स्केन प्रति प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा पार्ट—I के Additional Column में अपलोड है, साथ ही प्रयोक्ता एजेंसी द्वारा स्कूल बिल्डिंग का फ्लोर प्लान प्रस्तुत किया गया है, जिसके Information Box में 26.02.77 की तिथि उल्लिखित है एवं High School Building at IDPL Township Virbh Ground Floor Plan (Extension) का मैप उपलब्ध कराया गया है, जिसमें 20.06.84 की तिथि उल्लिखित है। |
| 2 | विद्यालय निर्माण हेतु जो भूमि आवंटित की गई थी, उससे सम्बन्धित अभिलेख प्रस्तुत करने का कष्ट करें। | बिन्दु सं0—02 के क्रम में केन्द्रीय विद्यालय द्वारा प्रस्तुत प्रतिउत्तर (छायाप्रति संलग्न) के अनुसार केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना आई0डी0पी0एल0 के अनुरोध पर केन्द्रीय विद्यालय संगठन के द्वारा वर्ष 1978 में की गयी थी। वर्ष 2000 में यह विद्यालय आई0डी0पी0एल0 की वित्तीय स्थिति ठीक न होने के कारण बंद हो गया था, जिसे स्थानीय जनता के प्रदर्शन के कारण जनहित में पुनः सिविल सेक्टर में आई0डी0पी0एल0 की सहमति से 2003 में खोला गया, तबसे आज तक यह विद्यालय सिविल सैक्टर के अन्तर्गत उक्त भूमि पर ही संचालित हो रहा है। इस सम्बन्ध में प्रयोक्ता एजेंसी द्वारा अवगत कराया गया है कि कथित केन्द्रीय विद्यालय के निर्माण के निमित्त कोई शासनादेश जारी नहीं हुआ है।<br><br>इस सम्बन्ध में इस कार्यालय के पत्र संख्या—6208 / 12—1, दिनांक 26.03.2025 से जनरल मैनेजर आई0डी0पी0एल0 को विद्यालय निर्माण हेतु आवंटित भूमि से सम्बन्धित अभिलेख उपलब्ध कराये जाने हेतु लिखा गया, जिसके क्रम में उनके द्वारा पत्र दिनांक 28.03.2025 से प्रतिउत्तर दिया गया है, जिसकी छायाप्रति संलग्न है। उक्त पत्र में उल्लेख किया गया है कि प्रश्नगत केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना प्रोजेक्ट सैक्टर के अन्तर्गत आई0डी0पी0एल0 ऋषिकेश प्लान्ट में वर्ष 1978 में की गयी है। |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | यदि पहाड़ी क्षेत्र के नार्मस् (1.62 हे0) से अधिक क्षेत्र की आवश्यकता हो तो अनुरोध है कि वह शेष भूमि हेतु गैर–वन क्षेत्र का चयन करने का कष्ट करें। | बिन्दु सं0–03 के क्रम में अवगत कराना है कि उक्त विद्यालय ऋषिकेश के मैदानी क्षेत्र में स्थित है एवं आई0डी0पी0एल0 के द्वारा उपलब्ध कराये गये पुराने भवन में संचालित है। इस सम्बन्ध में प्रमाण पत्र (जो कि पूर्व में ही भारत सरकार को प्रस्तुत किया जा चुका है) मे स्पष्ट किया गया है कि उपरोक्त प्रयोजन हेतु आवेदित वन भूमि सर्वदा उपयुक्त है एवं अर्बन क्षेत्र हेतु केन्द्रीय विद्यालय के लिए आवश्यक न्यूनतम भूमि (5 एकड़ अर्थात 2.10 है0) के नियम को पूर्ण करता है। आवेदित वन भूमि की मांग 2.41 है0 अर्थात 5.9 एकड़ है, क्योंकि इस भूमि को वर्तमान में विद्यालय का संचालन 1978 से होता आ रहा है तथा विद्यालय भूमि के चारों तरफ से बाउण्ड्रीवाल भी उपलब्ध है। अतः प्रस्तावित भूमि ही विद्यालय हेतु सर्वदा उपयुक्त है। |

संलग्नकः उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(नीरज कुमार)
प्रभागीय वनाधिकारी
देहरादून वन प्रभाग, देहरादून

पत्रांक :–6572/12–1 तद्दिनांकित

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन सरंक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. प्राचार्या, केन्द्रीय विद्यालय, ऋषिकेश।

प्रभागीय वनाधिकारी
देहरादून वन प्रभाग, देहरादून